आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही सभी राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कुमार सर्वेश के समर्थन में आज एक जनसभा को सम्बोधित किया। बिजनौर जिले के बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में किसान, नौजवान और बहू बेटियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनके शासन में गुंडे और माफिया इस समय जेल में है। उधर, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का चुनाव है, इसलिए लोग अपना मत सोच समझ कर दें। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार भी किया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सरकार की नीतियों के कारण पच्चीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर हो चुके हैं।

भाजपा नेता और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज रामपुर पहुंच कर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बीच अपना दल कमेरवादी की नेता और विधायक पल्लवी पटेल ने रायबरेली सीट से पिछड़ दलित मुस्लिम मोर्चा की तरफ से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हाफिज मो मोबीन को उम्मीदवार बनाया है।

****

बलरामपुर देवीपाटन शक्तिपीठ पर नवरात्र के पांचवे दिन बाबा रतन नाथ की यात्रा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने उसका भव्य तरीके से स्वागत किया। यह यात्रा नेपाल के दांग जिले के बाबा रतन नाथ के आश्रम से निकल कर शक्तिपीठ पहुंची है जहां नवमी तक देवीपूजन का पूरा कार्य बाबा रतन नाथ के अनुयाई करेंगे। पौराणिक मान्यता है कि बाबा रतन नाथ की तपस्या से प्रेरित होकर मां पाटेश्वरी ने उन्हें यह वरदान दिया था। उसी परम्परा को निभाते हुए बाबा के मोक्ष प्राप्ति के बाद उनके अनुयायी यह यात्रा लेकर शक्तिपीठ पहुंचते हैं। यह यात्रा न केवल दोनों देशों की धार्मिक भावनाओं को मजबूत करती है, बल्कि उनके संबंधों को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

****

चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धालु स्कंदमाता के स्वरूप की पूजा पाठ कर रहे हैं। गोरखपुर के तरकुलहा, महराजगंज के लेहड़ा देवी और बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है। वाराणसी जिले में स्कंदमाता के बागेश्वरी रूपी अति प्राचीन भव्य मंदिर पर आज सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ है। यह मंदिर सैकड़ों वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि नवरात्र में इस मंदिर में माता के दर्शन मात्र से मनचाही इच्छाओं की पूर्ति होती है। वाराणसी में नवरात्र के पांचवे दिन विशालाक्षी मंदिर पर भी दर्शन का विधान है। इस मौके पर माता का विशेष श्रंगार किया गया है और भोर से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं।

****

कुशीनगर जिले में भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल स्थित स्तूप की सुरक्षा के लिए गौतम बुद्ध मंदिर के चारो तरफ से रेशम की डोरी का घेरा लगाया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि करीब छह लाख रूपया के लागत से लगाई जा रही इस डोरी पर धूप और पानी का असर नहीं पड़ेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने यह खास सिंथेटिक रेशम की डोरी मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से मंगायी है जो देखने में खास और मजबूत भी है।

****

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर पंद्रह अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम राजीव मांझी ने कल इस पखवाड़े में हिस्सा लेकर साफ सफाई की महत्ता का संदेश दिया। उन्होंने फाइलेरिया कालाजार नेटवर्क के सदस्यों से इन बीमारियों के उन्मूलन के लिए चल रहे नवाचारों के बारे में भी चर्चा की। इससे पहले कुशीनगर जिले का दौरा कर संयुक्त सचिव ने वेक्टर जनित बीमारियों की गहन जमीनी समीक्षा की। उन्होंने वहां पर कालाजार और कुष्ठ से ठीक हुए लोगों से भी मुलाकात की।

****

अप्रैल माह में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और हीट वेब संबंधी मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव हुआ है। जौनपुर जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर वहां एक से आठ तक के बच्चों के लिए स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक निर्धारित किया गया है। यह जानकारी वहां के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने दी।

****

वाराणसी जिले के चौबेपुर में एक तेज रफ्तार कार ने तीन साईकिल सवारों को टक्कर मार दिया, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गयी। पेशे से हॉकर तीनों साईकिल सवार पेपर बांटने के लिए निकले थे कि नेशनल हाईवे पर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल एक हॉकर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****